इंदौर | बुधवार | 6 अगस्त 2025 | वर्ष 65 | अंक 183 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से | इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


6 हेमंत के आह्वान को जमीन पर उतार रहे कैलाश


5 भारत-फिलिपींस के बीच सामरिक साझेदारी


8 टेस्ट क्रिकेट : सिर्फ खेल जज्बे और संघर्ष की दास्तान


7 एलपीजी सब्सिडी में बढ़ी पारदर्शिता : हरदीप

## एक नजर में



### संदीप भूटान में भारत के नये राजदूत नियुक्त

नयी दिल्ली. संदीप आर्य को भूटान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है. विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी. आर्य भारतीय विदेश सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं. वह अभी वियतनाम में भारत के राजदूत हैं. उन्हें वर्ष 2022 में वियतनाम का राजदूत नियुक्त किया गया था. आर्य को सुधाकर दलेला की जगह यह जिम्मेदारी दी गयी है. मंत्रालय के अनुसार आर्य के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है.

### राष्ट्रपति शासन की अवधि बढाने पर लगी मुहर

नयी दिल्ली. राज्य सभा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि छह माह के लिए बढ़ाने से संबंधित सरकार के सांविधिक संकल्प को मंगलवार को विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और हंगामे के बीच ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की. इसके साथ ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव पर संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गयी है. लोकसभा ने इसे पहले ही मंजूरी दे दी थी. राज्य सभा में इस संकल के पारित होने के साथ ही विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी.

### कश्मीर को राज्य का दर्जा देने सुनवाई आठ को

नयी दिल्ली. उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का केंद्र को निर्देश देने की मांग संबंधी याचिका पर आठ अगस्त को सुनवाई की जायेगी. मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन की ओर से याचिका पर सुनवाई के अनुरोध पर कहा कि इस मामले में आठ अगस्त को सुनवाई की जाएगी उन्होंने विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह मामला आठ अगस्त को सूचीबद्ध दिखाया गया है.

### शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू

पटना. बिहार सरकार ने प्रदेश में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया में आज से डोमिसाइल नीति को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है और शिक्षा विभाग ने इससे जुड़ी अधिसूचना भी जारी कर दी है. शिक्षा विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी करते हुये बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कारवाई और सेवा शर्त) नियमावली, 2023 में संशोधन किया है. इस संशोधन के तहत इस नियमावली का विस्तार अब समूचे राज्य में कर दिया गया है.

## गुस्ताखी माफ




# धराली में बादल फटने से तबाही

**04** लोगों की मौत की हुई पुष्टि | **100** लोग बाढ़ के कारण हैं लापता | **34** सेकंड में जलस्तर बढ़ने से धराली बाजार में भारी मलबा आ गया


**देहरादून, 05, अगस्त. उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने से आयी बाढ़ के कारण भारी जानमाल के नुकसान हुआ है जिसे देखते हुए सेना के साथ ही राहत और बचाव दलों को लोगों की मदद के लिए लगाया गया है.**



उत्तरकाशी के जिलाधिकरी प्रशांत आर्य ने इस आपदा में चार लोगों की मौत होने की पुष्टि की है. अब तक 15-20 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है, और घायलों को हर्षिल स्थित भारतीय सेना के चिकित्सा केंद्र में शीघ्र उपचार दिया जा रहा है. खोज और बचाव कार्य जारी हैं. साथ ही आने वाले समय में मौतों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है. सूत्रों के अनुसार 100 से अधिक लोगों के लापता होने की आशंका है. धराली बाजार में कई होटल, दुकानें और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान में मिट्टी में दबे हैं. धराली गांव के कई घर भी इस आपदा से तबाह हो गये हैं. राज्य सरकार ने केंद्र से दो 2 एमआई तथा एक चिनूक हेलीकॉप्टर की मांग की है ताकि राहत और बचाव कार्यों में आसानी हो. वायुसेना से भी राहत और बचाव करने में सहायाता की मांग की गयी है.

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार जिले की भटवाड़ी तहसील में हर्षिल के नजदीक खीर गाड में दिन में 1.50 बजे के आसपास 34 सेकंड में जलस्तर बढने से घराली बाजार में भारी मलबा आ गया. घटना के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश तथा देहरादून के कई चिकित्सालयों में बेड आरक्षित कर दिये गये हैं और एम्बुलेंस घटना स्थल पर भेज दी गयी हैं. इस बीच आंध्र प्रदेश के दौरे पर गये मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी दौरा बीच में ही छोड़कर देहरादून लौट आये हैं. इस आपदा पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, उत्तराखंड के धराली में फ्लैश फ्लड की घटना को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर घटना की जानकारी ली. आईटीबीपी की निकटतम 3 टीमों को वहां भेज दिया गया है साथ ही एनडीआरएफ की 4 टीमें भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गई हैं, जो शीघ्र पहुंच कर बचाव कार्य में लगेंगी.

> पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं. इसके साथ ही सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना करता हूं. मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात कर मैंने हालात की जानकारी ली है. राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हरसंभव प्रयास में जुटी हैं. लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है.



शेरदिल तेज गेंदबाज ने ओवल टेस्ट में भारत को जीत दिलाते हुए इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 2-2 की बराबरी पर ला दिया!

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

**नयी दिल्ली, 05 अगस्त. बिहार और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और मशहूर किसान नेता सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया. वह 79 वर्ष के थे.**



उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया है. मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, सत्यपाल मलिक जी के निधन से दु:खी हूँ. इस दु:ख की घड़ी में मेरी संवेदनाएँ उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं. ओमशांति.

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने शोक संदेश में कहा कि लोग उन्हें हमेशा ऐसे इंसान के रुप में याद रखेंगे तो आखिरी वक्त तक बिना डरे सच बोलते रहे और जनता के हितों की बात करते रहे.

# भिंड में युवक की गोली मारकर हत्या

## बिलौनी गांव में आरोपियों ने खिड़की से मारी गोली

**भिंड, 5 अगस्त. बिलौनी गांव में 18 वर्षीय युवक सुधीर तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना उस वक्त हुई जब सुधीर अपने घर में ही था. बदमाशों ने खिड़की से गोली चलाई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया.**



घटना की सूचना मिलते ही एंडोरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. वहीं, गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है.

पुलिस के अनुसार मृतक सुधीर तोमर, उम्मेद तोमर का बेटा था और गांव का ही निवासी था. गोली चलने की आवाज से गांव में हड़कंप मच गया. हमलावर वारदात के बाद भागने लगे, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता से दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जसवंत जाटव पक्ष के साथ मृतक के परिवार की पुरानी रंजिश चली आ रही थी. पूर्व में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी हो चुकी थी.

**गांव में तनाव, पुलिस तैनात:** घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई है. पुलिस हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है और हालात को शांतिपूर्ण बनाए रखने की कोशिश की जा रही है.

# जो हम कहते हैं, वो करते हैं : मोहन यादव

**सीएम ने सदन में प्रदेश में निवेश को लेकर दिया व्यक्तव्य**

**24 लाख करोड़ रुपये से अधिक के मिले निवेश प्रस्ताव**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सदन में विशेष व्यक्तव्य के माध्यम से प्रदेश में निवेश का पूरा ब्यौरा दिया. उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं.हमारी सरकार केवल वादों में नहीं, बल्कि ठोस परिणामों में विश्वास रखती है. हमने जो कहा है, उसे करके दिखाया है, यही हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है. रघुकूल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई.**



सदन में जब मध्यप्रदेश में महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025 पर चर्चा चल रही थी, तब मुख्यमंत्री ने विशेष व्यक्तव्य दिया. उन्होंने कहा कि मप्र पर परमात्मा की बड़ी कृपा है. देश का दूसरा बड़ा राज्य है, जिसके बाद इतना बड़ा लैंड बैंक है. हमारे यहां इंडस्ट्री में कभी हड़ताल नहीं होती. गुजरात की कॉपी है मध्यप्रदेश. इंदौर की गति जेट की तरह बढ़ रही है. नये विधेयक से इंदौर पांच शहरों को मिलाकर मेट्रो शहर बनेगा. आवासीय, कामर्शियल के साथ हमें इंडस्ट्रियल क्षेत्र भी विकसित करना है. विस्तार इतना हो रहा है कि ये ट्वीन सिटी के रूप में काम करेगी.

औद्योगिकीकरण के लिये रीजनल समिट किया. हम फालतू के कानूनों को खत्म करने के लिये ही जनविश्वास बिल ला रहे हैं. भोपाल जीआईएस में सारे रिकॉर्ड टूट गये. 65 देश के लोगों ने सहभागिता की. जीआईएस में 25 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. 24 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव जीआईएस में मिले.

> **पीएम मोदी 25 को धार में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क का भूमिपूजन करेंगे**
>
> पीएम मोदी 25 अगस्त को धार आएंगे, पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क का भूमिपूजन करेंगे. विधायक चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के, निवेश के लिये प्रस्ताव लायें तो सरकार सकारात्मकता से आगे बढ़ेगी. अब तो प्रदेश के सिंगरौली में भी गोल्ड निकल आया है. इसरो की तरह रिसर्च सेंटर उज्जैन में बनाने का प्रयास है.

# कौन सच्चा भारतीय है यह तय करना कोर्ट का काम नहीं

## नेता विपक्ष के तौर पर सरकार से सवाल पूछना राहुल की जिम्मेदारी : प्रियंका

**नयी दिल्ली, 05 अगस्त. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम अत्यंत चिंताजनक है और इस पर संसद में चर्चा कराने की मांग करते हुए सरकार से सवाल पूछे जा रहे हैं लेकिन सरकार जवाब देने को तैयार नहीं है, इसलिए हथकंडे अपनाने पड़ रहे हैं.**



वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि सरकार को संसद में जवाब देना चाहिए. विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी सवाल पूछना है और सरकार की जिम्मेदार सवालों का जवाब देना है लेकिन मोदी सरकार जवाब ही नहीं देती है. सरकार को बताना चाहिए कि वह मतदाता सूची पुनरीक्षण पर संसद में चर्चा कराने से क्यों भाग रही है.

उन्होंने कहा कौन सच्चा भारतीय है और कौन नहीं- यह तय करना न्यायपालिका या किसी जस्टिस का काम नहीं है. मैं ये बात न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हुए कह रही हूं. राहुल गांधी ने हमेशा सेना और हमारे जवानों का सम्मान किया है. वे हमेशा सेना के प्रति आदर रखते हैं. नेता विपक्ष के तौर पर सरकार से सवाल पूछना उनकी जिम्मेदारी है, लेकिन जब सरकार जवाब देना नहीं चाहती, तब वो ऐसे हथकंडे अपनाती है. कांग्रेस सांसद ने संसद में कामकाज नहीं होने को लेकर सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार इतनी कमज़ोर है कि संसद भी नहीं चला सकती.

> इस बीच पार्टी सांसद जयराम रमेश ने बताया इंडिया गठबंधन के नेताओं ने स्पीकर को पत्र लिखा है. हमने देखा है कि लगातार वोट चोरी हो रही है, इसलिए हमने इस पर चिंता जताई है. इसकी शुरुआत अभी बिहार में हुई है, फिर देशभर में यही होगा. अगर चुने हुए प्रतिनिधि लोकसभा में चुनावों पर चर्चा नहीं कर सकते, तो लोकतंत्र का इससे बड़ा अपमान और क्या हो सकता है. हमारी मांग है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण पर लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा हो.

## भारत पर 24 घंटे में और टैरिफ बढ़ाएंगे : ट्रंप

**नयी दिल्ली, 5 अगस्त.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक बार फिर भारत पर आर्थिक दबाव बढ़ाते हुए कहा कि वह अगले 24 घंटों में भारत पर लगाए गए टैरिफ को और बढ़ाएंगे. सूत्रों के अनुसार ट्रंप ने कहा, भारत में सबसे ज्यादा टैरिफ हैं, हमने पहले 25 प्रतिशत पर समझौता किया था लेकिन अब इसे और बढ़ाने जा रहा हूं. उनके बयान पर भारत ने टैरिफ को अनुचित बताया और कहा कि देश अपने आर्थिक हितों की रक्षा करेगा. वहीं, रूस ने भी ट्रंप की धमकियों की आलोचना करते हुए इसे अवैध दबाव रणनीति करार दिया. रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि संप्रभु देशों को अपने व्यापारिक साझेदार चुनने का अधिकार है.



# कुबरेश्वर धाम में भगदड़ से दो महिलाओं की मौत

**सीहोर. समीपस्थ कुबेरेश्वर धाम पर बुधवार को निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा के पूर्व ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ कुबेरेश्वर धाम पर उमड़ आई है. नतीजतन भीड़ के आगे प्रशासन और आयोजकों की व्यवस्थाएं बौनी साबित हो गईं. जिसके कारण मंगलवार को धाम पर मची भगदड़ में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा एक दर्जन लोगों के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है.**

जिले के प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार को उस समय हृदयविदारक हादसा हो गया जब रुद्राक्ष वितरण अचानक बंद कर दिया गया. इस दौरान भीड़ बेकाबू हो गई और अफरा-तफरी में दो महिलाएं दब गईं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई. करीब 10 से अधिक अन्य श्रद्धालु घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसे के बाद तीन घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया. दोनों की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है. अभी तक मृत महिलाओं में एक महिला 56 वर्षीय जसवंती बहन (ओमनगर, राजकोट, गुजरात) की पहचान हुई है. हादसे के बाद श्रद्धालुओं में भारी निराशा देखी गई. लोग व्यवस्था की कमी पर सवाल उठा रहे हैं.

### रुद्राक्ष वितरण रुकने के बाद हुई धक्का-मुक्की

हादसे के बाद कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे. मामले में एएसपी सुनीता रावत ने बताया कि भगदड़ नहीं हुई थी. रुद्राक्ष वितरण रुकने के बाद धक्का मुक्की में दो महिलाओं की मौत और तीन- चार महिलाएं घायल हुई हैं. प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर व सुदृढ़ बनाया जा रहा है.

**एनडीए की बैठक** ▶ विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि वह बचकानी बात करते हैं : मोदी

# विपक्ष अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में है माहिर

**नयी दिल्ली, 05 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ राजष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) के संसदीय दल की मंगलवार की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष के रवैये पर निशाना साधा है और कहा है कि विपक्ष खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है.**



संसद भवन परिसर में मंगलवार को आयोजित इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए मोदी का अभिनंदन किया गया . रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री को पुष्प हार पहनाया और सांसदों ने हर-हर महादेव, भारत माता की जय के नारे लगाए. इस बैठक में मीडिया को निमंत्रण नहीं मिला था.

राजग के सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान कहा, संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके विपक्ष ने गलती की. इससे उनकी ही फजीहत हुयी है. विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है. विपक्ष रोज ऐसी चर्चा कराये, हम इस फील्ड में माहिर हैं.

> मोदी ने बिना नाम लिये लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि वह बचकानी बात करते हैं, लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेते हैं. उन्होंने कहा कि चीन के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय द्वारा लगायी गयी फटकार से बड़ी फजीहत और क्या हो सकती है.